# खुले आसमान में मौत बन उड़ने लगी चाइना डोर...!



**नीमच।** लोहड़ी का पर्व नजदीक आते ही शहर में प्रतिबंधित ड्रैगन (खूनी) डोर (चाईना डोर ) की ब्रिकी होनी शुरू हो गई है। चाईना डोर को खूनी डोर के नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि प्लॉस्टिक व अन्य प्रकार के मटीरियल से बनने वाली इस डोर के हवा में उड़ने के कारण इसकी लपेट में आने से हर साल देश भर में कई लोग इससे अपनी जान तक खो चुके है। इसके अलावा हवा में उड़ने वाली इस घात्तक डोर के बीच कई छोटे-बड़े पक्षी भी इसकी लपेट में आकर जान गवां चुके है। ये खूनी डोर पर्यावरण के लिए भी नुक्सान का कारण बन रही है।

**क्या है चाइना डोर व क्यों है ये खतरनाक?**- चाइना डोर एक प्रकार का पतंग उड़ाने के लिए उपयोग होने वाला मांझा है, जो सिंथैटिक प्लास्टिक और धातु के मिश्रण से बनता है। यह डोर अन्य सामान्य मांझों के मुकाबले काफी मजबूत होती है और यह जल्दी टूटती नहीं है। इसके निर्माण में नायलोन, शीशे की लेड व अन्य खतरनाक कैमिकल्स का प्रयोग किया जाता है, जिससे यह न केवल मजबूत बनता है, बल्कि अन्य डोरों से ज्यादा खतरनाक भी होता है। चाइना डोर की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह इंसान के लिए भी खतरनाक है और पक्षियों के लिए तो यह मौत का कारण बन सकती है। चाइना डोर का सबसे बड़ा खतरा करंट के रूप में सामने आता है। जब यह डोर बिजली के हाई-वोल्टेज तारों के संपर्क में आती है तो करंट लगने का खतरा होता है। इस करंट की चपेट में आने से किसी भी व्यक्ति की जान जा सकती है। पक्षियों के लिए चाइना डोर जिसे ड्रैगन डोर भी कहा जाता है एक और बड़ी समस्या है। चाइनीज मांझे की धार इतनी तेज होती है कि यह उड़ते हुए पक्षियों के पंखों को काट सकती है और यदि यह डोर पक्षी के गर्दन पर यदि लग जाए तो उसकी मृत्यु होना संभाविक है।लोहड़ी पर्व को लेकर अभी डेढ़ माह का समय शेष है, परंतु अभी से ही शहर सहित जिले भर में अभी से गुपचुप तरीके से खूनी डोर की बिकना शुरु हो गई है। सूत्रों का कहना है कि इस डोर की बेचने वाले इसकी स्टोरेज गर्मियों में ही शुरू कर देते है हालात यहां तक पंहुच जाते है कि मकर संक्राति से सप्ताह पहले तो इस डोर की जबरदस्त बिक्री होती है ।

### लोगों को खुद होना पड़ेगा जागरूक

इसकी पूर्ण तौर पर रोकथाम ही जागरूक होना पड़ेगा, अन्यथा ये डोर ऐसे ही लोगों का नुक्सान पहुंचाती रहेगी। चाइना डोर की रोकथाम की जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की नहीं नहीं, बल्कि समाज के हर सदस्य को इसे लेकर जागरूक होना होगा। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह डोर न केवल इंसान के लिए खतरनाक है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण और पक्षियों के लिए भी घातक है। हमें इस डोर के प्रयोग को बंद करने के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराना होगा और प्रशासन का सहयोग करना होगा। इसके अलावा, पतंगबाजी के शौकिनों को यह समझना होगा कि यदि वे सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से पतंग उड़ाएं तो वे न केवल अपनी सुरक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूसरों और पक्षियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं।



# इनर व्हील डायमंड द्वारा सेवा गतिविधि संपन्न

**नीमच।** इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा क्लब की आईपीपी पूजा खंडेलवाल के जन्मदिवस के अवसर पर एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उनके सहयोग से एक जरूरतमंद दिव्यांग को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त एक आर्थिक रूप से कमजोर महिला को आजीविका संवर्धन हेतु सिलाई मशीन भेंट की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रीमती पूजा गर्ग, कोषाध्यक्ष दिव्या जैन, एडिटर शिवांगी जैन, रिंकी तापड़िया, पलक खंडेलवाल, एकता पवार, प्रियंका नागदा, निकिता पगारिया, जयंती एनिया, डिंपल चांदना, गौरी खंडेलवाल सहित क्लब की अन्य सदस्याए उपस्थित रहीं।

## एक नजर में

### थाना रामपुरा द्वारा छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता



**नीमच।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारीयों को फरार अपराधियो को पकडने एवं अपराध की रोकथाम करने के निर्देश दिये गये है जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच नवल सिंह सिसोदिया एवं , मनासा शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन तथा विजय सागरिया, थाना प्रभारी थाना रामपुरा के नेतृत्व मे टीम द्वारा थाना हाजा के अप.क्र.239/25 धारा 115(2),74 बीएनएस ,7/8 पोक्सो एक्ट मे आरोपी अर्जुन पिता समरथ बंजारा उम्र 20 साल निवासी ब्रह्मपुरा को गिरफ्तार करने में मिली सफलता ।

### आईटीआई .डूंगलावदा में 12 दिसम्बर को स्पेशल प्लेसमेंट ड्राईव

**नीमच।** इंजीनियरिंग निर्माण क्षेत्र में बेरोजगार उम्मीदवारों के लिए अडानी विलमार लिमिटेड भाटखेडा द्वारा मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना एवं नेशनल अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीन (एन.ए.पी.एस.) में अभ्यर्थियों को संलग्न करने, स्पेशल ड्राईव 12 दिसम्बर 2025 को शासकीय आई.टी.आई.नीमच में प्रात:11 बजे से आयोजित किया जा रहा हैं। प्राचार्य आई.टी.आई.नीमच श्री दिनेश परमार ने बताया, कि इलेक्ट्रीशियन के 3 पदों, फिटर फेब्रिकेशन के 6 पदों, पेंटर के एक पद के लिए आई.टी.आई. उत्तीर्ण या 12वीं उत्तीर्ण, असिस्टंट लेब टेक्निशियन(फूड एवं एग्रीकल्चर) एक पद के लिए 12वीं पास, पेकिंग मशीन वर्कर के 2 पदों के लिए 12वीं पास, एच.आर. एग्जीक्यूटिव (पे-रोल एंड ईडीएम) के एक पद के लिए ग्रेज्युएट(नॉन इंजीनियरिंग) एच.आर.ट्रेनिंग एक पद के लिए ग्रेज्युएट(नॉन इंजीनियरिंग) एवं प्लंबर के एक पद के लिए 12वीं पास अभ्यर्थी इस स्पेशन ड्राईव में भाग ले सकते हैं।

### कलेक्टर ने बागवानी यंत्रीकरण योजना तहत किसान पाटीदार ने प्रदान किया मिनी ट्रैक्टर

**नीमच।** उद्यानिकी विभाग नीमच द्वारा बागवानी यंत्रीकरण योजना के तहत



नीमच के ग्राम बसंतपुरा के उद्यानिकी कृषक उज्जवल पाटीदार को 4.80 लाख कीमत का मिनी ट्रेक्टर एवं कृषि यंत्र प्रदान किये गये है। इस पर किसान को विभाग द्वारा 1.80 लाख रूपये का अनुदान भी प्रदान किया गया है। बुधवार को कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कलेक्टोरेट परिसर नीमच में बागवानी कार्यो के लिए किसान उज्जवल पाटीदार को उक्त ट्रेक्टर की चाबी देकर, ट्रेक्टर प्रदान किया। इस मौके पर उप संचालक उद्यानिकी अतरसिह कनोजिया एवं उद्यानिकी विभाग के विजेश वसुनिया भी उपस्थित थे।

### चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व(उपखण्ड) मनासा सुश्री किरण आंजना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत सर्पदंश पीडित एक परिवार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एसडीएम मनासा द्वारा डांगडी निवासी रेशमा पिता सत्यनारायण जाटव की 17 अक्टूबर 2025 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर मृतक की वारिस माता मधुबाई, पिता सत्यनारायण को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार मनासा द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, स्वीकृति के लिए एसडीएम मनासा को प्रस्तुत किया गया था।

### 15 को ग्रुप केन्द्र, सी.आर.पी.एफ., नीमच में ''पेंशन अदालत'' एवं ''वार्ब कार्यशाला'' का आयोजन

**नीमच।** दिनांक 15/12/2025 को ग्रुप केन्द्र, सी.आर.पी.एफ., नीमच के मैन्स क्लब में प्रात: 1100 बजे से सुरेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, नीमच की अध्यक्षता में ''पेंशन अदालत एवं वार्ब कार्यशाला'' का आयोजन किया जायेगा। पेंशन अदालत एवं ''कल्याण एवं पुनर्वास (वार्ब) कार्यशाला'' में ग्रुप केंद्र, नीमच के क्षेत्राधिकार में आने वाले मध्य प्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों में निवासरत सीएपीएफ एवं असम राईफल के पेंशनधारियों अथवा शहीद, दिव्यांग कार्मिकों के आश्रितों को आमंत्रित किया गया है। संबंधित ''पेंशन अदालत एवं वार्ब कार्यशाला'' में भाग लेने वाले सेवानिवृत / शहीद/ दिव्यांग कार्मिको के आश्रितों की सभी प्रकार की समस्याओं को सुना जायेगा एवं उनके द्वारा उठाये जाने वाले मुददों का यथासम्भव निस्तारण किया जायेगा ।

### आज बस स्टैंड फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा

**नीमच।** सहायक यंत्री नीमच शहर द्वारा बताया गया कि दिनांक 11.12.2025 (गुरुवार) को 33 के.व्ही. बस स्टेण्ड फीडर पर नीमच हॉस्पिटल के अंदर एम.ई. स्थापना कार्य होने के कारण विद्युत प्रदाय प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक बंद रहेगा। 33/11 के.व्ही. बस स्टेण्ड ग्रीड से उर्जित (1) 11 के.व्ही. बस स्टेण्ड फीडर (2)11 के.व्ही. किर्ती नगर फीडर (3) 11 के.व्ही. मेशी शोरूम (4) 11 के.व्ही. महु रोड़ फीडर (5) 11 के.व्ही. वाटर वर्क्स फीडर (6) 11 के.व्ही. सिटी फीडर का विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। जिससे इन फिडरों से जुड़े नीमच सिटी, इंदिरा नगर, महु रोड, बस स्टेण्ड क्षेत्र, यादव मंडी, जिला अस्पताल एवं उच्च दाब उपभोक्ता सिविल हॉस्पीटल आदि का विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा।

# युवक के सुसाइड मामले में दो गिरफ्तार, पुलिसकर्मी बनकर मांगे थे 10 लाख, फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से ब्लैकमेलिंग की



**नीमच।** जिले के मनासा थाना क्षेत्र के बर्डीया जागीर में युवक मोहित पाटीदार की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मोहित ने दो दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी और एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने खुलासा किया है कि आरोपियों ने 'निकिता' नाम की फर्जी आईडी बनाकर मोहित को ब्लैकमेल किया था।

एसपी अंकित जायसवाल ने बुधवार शाम को प्रेस वार्ता में बताया कि जांच में सामने आया है कि मृतक मोहित के घर पर दो व्यक्ति एक सफेद टाटा फ्रांस कार से पहुंचे थे। उन्होंने फर्जी इंस्टाग्राम चैटिंग दिखाकर खुद को नकली पुलिसकर्मी बताया और मोहित को डरा-धमकाकर अवैध रूप से 10 लाख रुपए की मांग की। परिजनों ने उन्हें 1000 रुपए दिए थे। इस प्रताड़ना के बाद मोहित ने आत्महत्या कर ली।

**पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार**- पुलिस ने इस मामले में भाटखेड़ी निवासी पंकज धनगर (28) पुत्र बोधलाल धनगर और कैलाश रेगर (45) पुत्र जगन्नाथ रेगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से टाटा फ्रांस कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोपियों ने कबूल किया है कि वे पंकज की बनाई गई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी के जरिए युवकों को फंसाते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने लड़कियों के नाम से तीन-चार फर्जी आईडी बना रखी थीं। वे लगातार लोगों से चैटिंग करते थे और फिर पंकज खुद को फर्जी पुलिसकर्मी बताकर वारदात को अंजाम देता था। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने मंदसौर, रतलाम और नीमच में भी इसी तरह की वारदातें करना स्वीकार किया है, जिनकी पुलिस जांच कर रही है। एसपी ने आमजन से अपील की है कि यदि इन आरोपियों ने उनके साथ भी ऐसी कोई घटना की हो तो मनासा थाना या नीमच साइबर सेल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# अब कॉलेज में छात्र कम से कम तीन भाषाओं का ज्ञान लेंगे

**नीमच।** देश के उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक रोचक पहल शुरू की जा रही है। भारतीय भाषा समिति ने 'एक और भारतीय भाषा सीखें' पहल के विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें सभी छात्र अब कम से कम तीन भाषाओं का ज्ञान लेंगे। यानि छात्रों को अपनी मातृभाषा के अलावा कम से कम एक स्थानीय और एक अतिरिक्त भारतीय भाषा सिखाना है।यह आदेश यूजीसी के द्वारा जारी किया गया है, इसमें खास बात यह है कि इसमें सिर्फ छात्र के लिए नहीं बल्कि उनके मित्र और स्वजन भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए शिक्षार्थियों को नामांकन करवाना होगा। पढ़ाई माध्यम ऑनलाइन भी होगा, साथ ही इसमें प्रवेश और निकास दोनों ही सुलभ होंगे। बता दें कि कोर्स पूरा करने वालों को माइक्रो प्रमाणपत्र और डिजिटल बैज भी दिया जाएगा।

उच्च शिक्षण संस्थान कम से कम तीन भारतीय भाषाओं (एक स्थानीय भाषा और दो अन्य 22 अनुसूचित भाषाओं में से) में योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (एईसी), क्रेडिट पाठ्यक्रम, या ऑडिट पाठ्यक्रम प्रदान करेंगे।

पाठ्यक्रम को बेसिक, इंटरमीडिएट और एडवांस जैसे तीन स्तरों में विभाजित किया जाएगा, जिसमें आसान प्रवेश और निकास की सुविधा होगी। आप अपनी सुविधानुसार किसी भी स्तर पर प्रवेश कर सकते हैं और बाहर निकल सकते हैं।

इन स्तरों को नए क्रेडिट ढांचे के तहत तीन माइनर के रूप में पेश किया जा सकता है, जिससे आपकी प्रतिलिपि (ट्रांस्क्रिप्ट) पर ये क्रेडिट दर्ज होंगे और क्रेडिट पोर्टेबिलिटी की अनुमति मिलेगी।इन पाठ्यक्रमों का मुख्य फोकस बोलने, पढ़ने और लिखने में प्रभावी संचार कौशल विकसित करना होगा।

### माइक्रो प्रमाण-पत्र मिलेंगे

इस प्रक्रिया में पाठ्यक्रम पूरा करने वाले शिक्षार्थियों (छात्र और उनके स्वजन व मित्र) को माइक्रो-प्रमाणपत्र मिलेंगे। जो लोग नई भारतीय भाषाएं सीखते हैं, उन्हें भाषा बंधु, भाषा मित्र, लिपि गौरव, भाषादूत जैसी मानद उपाधियां प्रदान की जा सकती हैं।नई भाषा सीखने वालों को उस राज्य की सांस्कृतिक और शैक्षिक 'सम्मान यात्रा' कराई जाएगी, जहां वह भाषा बोली जाती है। इसके अलावा अतिरिक्त भाषा सीखने वाले छात्रों को अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय दौरों में प्राथमिकता दी जाएगी।बता दें कि हर साल 11 दिसंबर को ऐसे योग्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को भारतीय भाषा उत्सव के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा छात्रों को 'प्रमाणित भाषा दूत-2025' जैसे डिजिटल बैज जारी किए जाएंगे।

# 'ऑरेंज द वर्ल्ड' अभियान के तहत विशाल मैराथन का आयोजन



**नीमच।** महिलाओं व बालिकाओं के प्रति हिंसा के उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय अभियान 'ऑरेंज द वर्ल्ड' के अंतर्गत आज इनर व्हील क्लब नीमच डायमंड एवं इनर व्हील क्लब नीमच द्वारा 40 चौराहा से सीआरपीएफ सर्कल तक एक विशाल मैराथन का आयोजन किया गया।

विश्व स्तर पर चलाया जाने वाला 'ऑरेंज द वर्ल्ड' अभियान प्रतिवर्ष 25 नवम्बर (अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस) से 10 दिसम्बर (मानवाधिकार दिवस) तक मनाया जाता है। यह 16 दिनों की वैश्विक मुहिम महिलाओं की सुरक्षा, समानता और हिंसा-मुक्त समाज के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। इस अभियान में इनर व्हील क्लब्स की विश्व व्यापी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व के 100+ देशों में इनर व्हील क्लब इस अवधि में जागरूकता रैलियों, वर्कशॉप, सेमिनार, हेल्थ कैम्प, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शपथ ग्रहण समारोह और विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश फैलाते हैं। इसी वैश्विक सहभागिता के अंतर्गत नीमच के दोनों क्लबों ने आज यह मैराथन आयोजित की। कार्यक्रम की शुरुआत पीडीसी संगीता जोशी द्वारा ऑरेंज ध्वज दिखाकर की गई। उन्होंने उपस्थित नारी शक्ति को 'महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान,स्वाभिमान और सशक्तिकरण' की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर इनर व्हील क्लब नीमच डायमंड की अध्यक्ष पूजा गर्ग तथा इनर व्हील क्लब नीमच की अध्यक्ष अमरजीत वाधवा ने बताया कि ऑरेंज द वर्ल्ड एक वैश्विक आंदोलन है, जो महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा को समाप्त करने हेतु चलता है। इनर व्हील विश्वभर में इस अभियान का प्रमुख सहयोगी है और हर वर्ष लाखों महिलाओं तक यह संदेश पहुँचाया जाता है। आज की मैराथन इसी जागरूकता की दिशा में दोनों क्लबों का संयुक्त प्रयास है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएँ, युवतियाँ सहभागी बने। आयोजन की सफलता हेतु दोनों क्लबों ने सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस मैराथन में क्लब से हिमांगिनी त्रिवेदी, सरोज गांधी,तृप्ति दुआ,सरिता पाटीदार,पूजा खंडेलवाल, रिंकी तापड़िया, दिव्या जैन, पलक खंडेलवाल, दीपिका खंडेलवाल, निकिता पगारिया, डिंपल चांदना, प्रियंका नागदा, गौरी खंडेलवाल, प्रेरणा शर्मा ,अलका चढ़ा ,सिम्मी सलूजा, रजिया अहमद, सीमा अरोड़ा, रिंकू राठौर, नीलिमा भंडारी, सुमन अहीर, ललिता मंडवारिया,रजनी वधवा,मधु दुआ,शशि मोंगा आदि सदस्याए उपस्थित रही।



# प्रमुख सचिव राजस्व पोरवाल ने की वीसी के माध्यम से विभागीय समीक्षा

**नीमच।** प्रदेश के प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने बुधवार को वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलो के कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर, राजस्व विभाग की विभागीय समीक्षा की और आवश्यक निर्देश भी दिए। नीमच के एनआईसी कक्ष में इस वी.सी. में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एडीएम बी.एस.कलेश, डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिह धार्वे व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

वी.सी. में प्रमुख सचिव राजस्व पोरवाल ने सभी जिलो को निर्देश दिए, कि किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर, इसी माह में ही फार्मर रजिस्ट्री में सेचुरेशन सुनिश्चित करें। उन्होने फार्मर रजिस्ट्री व गिरदावरी कार्य का मानदेय स्थानीय युवा कृषकों को भुगतान करना सुनिश्चित करने तथा पी.एम.किसान सम्मान निधि के शतप्रतिशत हितग्राहियों के आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए। वी.सी. में नक्शा विहि ग्रामों के नक्शा निर्माण, त्रुटी पूर्ण नक्शों का सुधार, मजरा टोलो को नवीन राजस्व ग्राम घोषित करने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होने सीएम मानिट, सीएस मानिट, के प्रकरणों एवं लंबित कण्डिकाओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए।




# कॉलेज चलो अभियान के तहत किया स्कूलों का भ्रमण

**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा दिनांक 9.12.2025 को कॉलेज चलो अभियान के तहत दल प्रबंधक डॉ रश्मि हरित दल सदस्यों दिव्या अग्रवाल व संगीता शर्मा के साथ शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमच एवं शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नीमच में पहुंचा7 विद्यालय के प्राचार्य को अपने आगमन के उद्देश्य से दल प्रबंधक डॉक्टर रश्मि हरित द्वारा अवगत करवाया गया इसके पश्चात कक्षा बारहवीं की सभी छात्राओं को कॉलेज चलो अभियान के बारे में श्रीमती दिव्या अग्रवाल के द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई डॉक्टर रश्मि हरित ने उपस्थित सभी छात्रों को महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी इसी क्रम में श्रीमती संगीता शर्मा ने छात्राओं को उच्च शिक्षा नीति में मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों महाविद्यालय की विशेषताओं से अवगत करवाया श्रीमती दिव्या अग्रवाल ने छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया विविध शैक्षणोतर गतिविधियों और उपलब्धियां के साथ-साथ विभिन्न रोजगार मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी महाविद्यालय दल द्वारा छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान बताया गया और उन्हें महाविद्यालय भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया

**एक नजर** — नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**नीमच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में शनिवार 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत जिला एवं सभी तहसील स्तरीय न्यायालयों में आयोजित की जा रही है।**

नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नगरपालिका नीमच तथा एम.पी.ई.बी.के सहयोग से तैयार प्रचार वाहनों को बुधवार को प्रधान जिला न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह राजपूत ने नवीन जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला न्यायालय में पदस्थ सभी न्यायाधीशगण, लीगल एड डिफेंस काउंसलर उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच की सचिव श्रीमती शोभना मीणा ने बताया, कि प्रचार वाहन जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर स्थानीय जनता को आगामी नेशनल लोक अदालत की तिथि, महत्व एवं लाभों के बारे में माइक एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूक करेंगे। वाहन विभिन्न प्रमुख चौराहों, बाजार, क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों एवं बस स्टैंड लोक अदालत से होने वाले लाभों, जैसे समय एवं धन की बचत, शीघ्र निस्तारण, पारस्परिक समझौते के अवसर, कोर्ट फीस की वापसी आदि के बारे में जानकारी देंगे। इसके अतिरिक्त आमजनों को अपने राजीनामा योग्य प्रकरण, जैसे- धारा 138 एनआई एक्ट, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, बैंक ऋण संबंधी प्रकरण, मजिस्ट्रियल ट्रायल के शमनीय प्रकरण इत्यादि- लोक अदालत में निस्तारित करवाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत में अधिकतम संख्या में प्रकरणों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच ने अपील की है, कि वे अपने लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 13 दिसंबर 2025 को न्यायालय में आयोजित लोक अदालत में पहुंचकर लाभ उठाए।